राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

गांधी जयन्ती एवं शास्त्री जयन्ती (2 अक्टूबर) पर राज्यपाल का संदेश

सत्य, अहिंसा और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का किया आह्वान

जयपुर, 1 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती (2 अक्टूबर) के अवसर पर देश और प्रदेश वासियों से उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने संदेश मे कहा कि बापू का जीवन सत्य, अहिंसा, करुणा और बंधुत्व का स्वयं सिद्ध उदाहरण है। स्व. लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे सादगी, संकल्प और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि व्यक्ति निर्माण और समाज निर्माण के लिए इन महान विभूतियों के आचरण और आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लेना चाहिए।

——